# प्रियम बुधिया को मिला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**FBN NxG Lombard Odier**
**People's Choice Award 2020**

FBN
LOMBARD ODIER
2020 AWARD

Preeyam Budhia
India
Founder of
"Embracing green"

**कोलकाता, 30 अक्टूबर (नि. प्र.)।** कोलकाता महानगर की जानीमानी उद्यमी एवं पैटन समूह की प्रेसिडेंट प्रियम बुधिया ने फैमिली बिजनेस नेटवर्क (एफबीएन) नेक्स्ट जनरल लोम्बार्ड ओडियर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड 2020 प्राप्त किया। उन्हें उनकी जल संरक्षण परियोजनाओं के लिए नामांकित किया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार में 26 से अधिक देशों के प्रतिभागी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि एफबीएन की सन् 1989 में स्थापना हुई थी, जिसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने में है। यह 65 देशों में फैला है। एफबीएन 4,000 व्यावसायिक परिवारों को एकसाथ लाया है, जिसमें 16,000 लोग शामिल है, जिसमें 6,400 उद्यमी अगली पीढ़ी के हैं।

अगली पीढ़ी के सदस्यों में 18 से 40 वर्षों के लोग है। ये आपस में एक दूसरे से सीखने, साझा करने और प्रेरित करने में लगे हैं। एफबीएन नेक्स्ट जेन में 65 देशों से 6,400 युवा व्यवसायी परिवार के सदस्य हैं, जो सभी एक ही अंतरंग और गतिशील समुदाय से संबंधित हैं। इनका लक्ष्य परिवारों के अगली पीढ़ी के सदस्यों को बनाए रखना, सहयोग करना और सक्रिय करना है, जो एक विश्वसनीय वातावरण में, समान चुनौतियों का अनुभव करते हैं।

पैटन ग्रुप सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एक्सपोर्ट हाउस तथा आईएसओ 9001: 2015 संगठन है जो यूएसए कनाडा, मैक्सिको, जर्मनी आदि को प्रीमियर स्टील कंडूइट फिटिंग का निर्माण और निर्यात करता है। वें पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्थानों पर 6 अत्याधुनिक उत्पादन इकाईयों के साथ प्लास्टिक वाटर स्टोरेज टैंक, क्रेट्स, डिब्बे एवं पीवीसी पाइप के क्षेत्र में भी अग्रणी हैं। पैटन एक्सपोर्ट में उत्कृष्टता के लिए उत्पादकता और राष्ट्रीय पुरस्कारों का लगातार विजेता रहा है। पैटन समूह की प्रेसिडेंट प्रियम बुधिया ने सस्टेनेबिलिटी वर्टिकल 'एम्ब्रेसिंग ग्रीन' को लॉन्च किया है, जो वाटर कंजर्वेशन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग एंड ग्राउंडवाटर रीचार्जिंग) और रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर रूफटॉप्स) पर केंद्रित है। उन्होंने वाटर-ऑन-व्हील्स- एक अद्वितीय रोलर टैंक को विकसित किया है, जो ग्रामीण भारत की महिलाओं और बच्चों को सशक्त बना रहा है। कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में मदद करने के लिए, उन्होंने कॉन्टैक्टलेस सेफ हैंड वॉश स्टेशन, कॉन्टैक्टलेस वेस्ट बिन्, और कॉन्टैक्टलेस क्रेट्स लॉन्च किए हैं।

PATTON®